बरेली, शनिवार
28 मार्च 2020
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 6.00
पृष्ठ 16

दैनिक जागरण
inext

PAGE NO. 04, MIDDLE

चेकअप कर दवाएं भी दे रही एसआरएमएस की टीम.

# एसआरएमएस ने मुसाफिरों को खिलाया खाना, दवाएं भी बांटी

**भोजीपुरा में कैंप लगा कर जरूरतमंदों को दी मदद**

**15 सौ परिवारों को चिह्नित कर उन तक राशन पहुंचाने का काम भी शुरू**

bareilly@inext.co.in

**BAREILLY (27 March):** एसआरएमएस ट्रस्ट की ओर से फ्राइडे को भी जरूरतमंदों तक खाने के पैकेट और दवाइयां पहुंचाई गईं. ट्रस्ट की टीम ने जिला प्रशासन की मदद से शहर के कई इलाकों में खाने के पैकेट परेशान लोगों को वितरित किए. सुबह और शाम दोनों समय टीम ने खाने के पैकेट पहुंचाए. इसके साथ ही जरूरतमंद 15 सौ परिवारों को चिह्नित कर अनाज पहुंचाने का काम भी शुरू किया गया.

## कैंप लगाकर बांटी दवाएं

लॉकडाउन में भोजन के लिए परेशान लोगों तक राहत पहुंचाने का काम एसआरएमएस ने थर्सडे को ही आरंभ कर दिया था. एसआरएमएस ट्रस्ट की ओर से पहले दिन डीएम नीतिश कुमार और एसएसपी शैलेश पांडेय ने अपनी टीम के साथ शहर के कई इलाकों में खाने के पैकेट वितरित किए थे. फ्राइडे को एसआरएमएस ट्रस्ट चेयरमैन ने जरूरतमंद परिवारों और मुसाफिरों को चिह्नित कर उनके पास खाद्य सामग्री पहुंचाने का निर्देश दिया. उन्होंने कहा कि लॉकडाउन में कोई भूखा न रहे. इसके बाद एसआरएमएस की टीम भोजीपुरा, इज्जतनगर, बारादरी पहुंची और खाने के पैकेट वितरित किए. इसके साथ ही एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज के बाहर नैनीताल रोड पर भी राहत कैंप लगाया गया. यहां मुसाफिरों के हाथ सेनेटाइज करवा कर खाने के पैकेट और पानी दिया गया. लोगों को चेकअप कर दवाइयां भी दी गईं.